तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 दिसंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



13 छात्रों ने किया रैम्प वॉक, पंजाबी राजस्थानी नृत्य कर मचाया...



14 बाबा घासीदास जयंती पर जैतखाम में हुआ ध्वजारोहण...

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 को

**धमतरी**। जिला प्रशासन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धमतरी द्वारा 20 दिसम्बर को सुबह नौ बजे से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धमतरी में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी ने बताया कि नियोजक सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा आईटीआई के विभिन्न ट्रेड के लिए भर्तियां की जानी है। ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं और आईटीआई उत्तीर्ण हो, वे प्लेसमेंट कैम्प की साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### मुल्ले में मड़ई 21 को

**जीजामगांव**। ग्राम मुल्ले में 21 दिसंबर शनिवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए मोर मयारू बेटा नाचा पार्टी भाठागांव बी. सिकोसा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अध्यक्ष अर्जुन सोनवानी ने दी है।

### सरबदा में 21 से श्रीराम कथा महोत्सव

**जीजामगांव**। ग्राम सरबदा में श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन 21 एवं 22 दिसंबर को किया गया है। कथा प्रवक्ता पं.



प्रमोद शास्त्री महाराज मानस केसरी होंगे। कथा दोपहर 2 से संध्या 5:30 बजे तक आयोजित होगी। आयोजन की तैयारी में माखनलाल साहू, पुष्पा साहू, आशीष साहू, शेखूराम, ईश्वरराम, नूतनराम, संतराम, ललित, तामेश्वरराम, रोशन, राजेंद्र, जितेंद्र, मुकेश, कमलेश, इंद्रकुमार, सौरभ सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### अमलीडीह में क्रिकेट स्पर्धा 21 से

**मगरलोड**। ग्राम अमलीडीह में ग्रामवासियों के सहयोग से दस दिवसीय शीतकालीन ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 21 दिसंबर शनिवार से आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 300 रूपये है। प्रतियोगिता की तैयारी में तेजराम यादव, खिलेश्वर बोर्झा, खुमेश निषाद, नेमू निषाद जुटे हैं।

### सिवनीकला में बाबा घासीदास जयंती 21 को

**डांडेसरा(धमतरी)**। ग्राम सिवनीकला में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती 21 दिसम्बर को मनाई जायेगी। सतनामी समाज द्वारा मड़ई मेला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जय सतनाम पंथी पार्टी उमर पोटी द्वारा बाबा के संदेश का प्रचार किया जायेगा। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए जय अम्बे नाचा पार्टी अम्बागढ़ चौकी नीचे कोहड़ा राजनादगांव का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सतनामी समाज के सचिव ओमकुमार गायकवाड़ ने दी है।

### भखारा में श्रीमद् शिवमहापुराण 24 से

**कोर्रा(भखारा)**। नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 15 शिक्षक कालोनी में 24 से 29 दिसम्बर तक दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक संगीतमय श्रीमद शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पंडित अंगेश्वर प्रसाद मिश्रा सिहाद होंगे। बोलबम सेवा समिति ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं में माना गया है परिवार को इकाई

# शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के चक्कर में टूट रहे कई परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आवास, शौचालय, राशन सहित अधिकांश शासकीय योजनाओं के लिए परिवार को इकाई माना गया है। इन योजनाओं का लाभ लेने के चक्कर में कई परिवार टूट रहा है। मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड की लगातार बढ़ती संख्या इस बात की पुष्टि कर रही है। खासकर गांवों में जहां पर पहले संयुक्त परिवार की परंपरा थी, वहां भी अब राशन कार्ड, जॉब कार्ड बनवाने के लिए एकल परिवार का चलन बढ़ा है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत मनरेगा को जोड़ दिया गया था। मनरेगा में काम करने वाले शौचालय विहीन हर परिवार के घर में शौचालय बनाने का आदेश भी दिया गया था। शौचालय निर्माण के दौरान मजदूरी भी घर का ही मनरेगा मजदूर करता था। इस लिहाज से स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाने के लिए गांवों में मनरेगा जॉब कार्ड एक तरह से अनिवार्य कर दिया गया था। इस योजना के शुरू होते ही मनरेगा में परिवारों की संख्या एकाएक बढ़ने लगी थी। पीएम आवास योजना से भी मनरेगा को जोड़ा गया है। इसके तहत मनरेगा मजदूरों के परिवार को प्राथमिकता के तहत आवास योजना का लाभ दिया जाना है। इसके लिए सर्वे का काम भी चल रहा है। जब से मनरेगा के साथ पीएम आवास जोड़ा गया है, मनरेगा में काम करने वाले परिवारों की संख्या भी बढ़ने लगी है। जानकारी के अनुसार अब पीएम आवास योजना 2016 से शुरू हुई। तब से लेकर 50057 लोगों को पीएम आवास दिया गया है। अभी किए जा रहे सर्वे में 37299 और पात्र मिले हैं। इन लोगों को वेटिंग में रखा गया है।



फाइल फोटो

### ग्रामसभा को नाम जोड़ने का अधिकार

मनरेगा जॉब कार्ड बनवाने के बाद दो साल तक मनरेगा मजदूरी नहीं करने पर जॉब कार्ड को असक्रिय कर दिया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनवाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने जॉब कार्ड बनवाया था। काम नहीं करने की स्थिति में वे असक्रिय हो गए थे। अब आवास के लिए फिर से बड़ी संख्या में जॉब कार्ड सक्रिय किए जा रहे हैं। यही नहीं नया जॉब कार्ड बनाने के लिए भी लगातार आवेदन आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जॉब कार्ड के लिए मनरेगा में नाम जोड़ने और काटने का अधिकार ग्रामसभा को है।

### इसलिए टूट रहे परिवार

मनरेगा में ऐसे कई मामले आए हैं, जिसमें एक जॉब कार्ड से दो से तीन लोगों ने आवास के लिए आवेदन किया था। एक जॉब कार्ड होने के कारण उन्हें एक परिवार मानकर परिवार के अन्य सदस्यों को आवास का लाभ नहीं दिया गया। बाद में उसी परिवार के सदस्य ने अलग जॉब कार्ड बनाकर आवास के लिए आवेदन किया, तो उसे पात्र सूची में डाल दिया गया। ऐसे ही राशन कार्ड को लेकर खेल चल रहा है। मुफ्त या सस्ते में राशन पाने के चक्कर में लोग अलग से राशन कार्ड बना रहे हैं। इसके लिए अलग चूल्हा भी दिखाना पड़ता है। अन्य कई योजनाओं में भी यही स्थिति है, जिसके चलते संयुक्त परिवार की परंपरा समाप्त हो रही है।

# पीएम आवास के लिए आय-जाति प्रमाण पत्र बना गले की फांस



- तहसील कार्यालय में कई आवेदन पेंडिंग, भटक रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएम आवास के लिए जाति और आय प्रमाण -पत्र अनिवार्य करना शहरवासियों के लिए महंगा पड़ रहा है। तहसील में बड़ी संख्या में इन प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन पेंडिंग पड़े हुए हैं। उन्हें इन प्रमाण पत्रों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

गांवों में तो सामाजिक, जातिगत जनगणना हुई है। इसके आधार पर पीएम आवास की स्वीकृति मिल रही है, लेकिन शहर में ऐसी व्यवस्था नहीं है। यही कारण है कि शहर में आवास के लिए आय और जाति प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है। आवास के लिए लोग अब आय और जाति प्रमाण पत्र बनवाने भटक रहे हैं। सीएससी सेंटरों से इन प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन तो कर सकते हैं, लेकिन तहसील कार्यालय में आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण इन प्रमाण पत्रों को बनाने में विलंब हो रहा है। आवेदन देने के बाद लोग तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। लोगों की समस्याओं को देखते हुए कुछ जनप्रतिनिधियों ने इसके विरोध में आवाज भी उठाई है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है और न ही प्रमाण पत्र बनाने की गति तेज हुई है।

### इसलिए मांगे जा रहे प्रमाण-पत्र

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि तीन लाख से अधिक आय वाले पीएम आवास के लिए पात्र नहीं हैं। इसलिए आय प्रमाण पत्र पीएम आवास के लिए अनिवार्य है। जाति प्रमाण पत्र आप्शनल है। जाति प्रमाण पत्र जमा करने पर एसटी एससी वर्ग के हितग्राहियों को प्राथमिकता दी जाएगी। वे फार्म इन प्रमाण पत्रों के बिना भी जमा कर सकते हैं। बाद में जाति प्रमाण पत्र बन जाने पर इसे जमा कर सकते हैं।

# जिला जेल में रही पंथी नृत्य की धूम





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला जेल में बाबा गुरू घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बंदियों द्वारा जेल में स्थापित जैतखाम में श्वेत पताका चढ़ाकर पूजा- अर्चना की गई। इसके बाद बाबा गुरू घासीदास के संदेश को पंथी नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर एनके डहरिया सहायक जेल अधीक्षक ने बंदियों को बाबा गुरु घासीदास के संदेश, सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता के मूल्यों पर चलने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि बाबाजी का संदेश मनखे-मनखे एक समान समाज में समानता का संदेश देता है। अंधविश्वास, भेद-भाव व जातिवाद के खिलाफ मानव को जागरूक रहने व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस दौरान जेल के सभी कर्मचारी व बंदी उपस्थित थे।

### भूले बिसरे गीतों की सुरमयी शाम आज

**धमतरी**। अंतराकला परिषद एवं भारतीय जैन संगठना महिला शाखा के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजन सहायतार्थ भूले बिसरे गीतों की सुरमयी शाम का आयोजन 19 दिसंबर को रात्रि 7:30 बजे से विमल टॉकीज धमतरी में किया जा रहा है। अंतरा कला परिषद की संरक्षक डॉ श्रीदेवी चौबे एवं सचिव डॉ. प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि अंतरा कला परिषद द्वारा विगत 31 वर्षों से दिव्यांगजनों की सहायता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी चिन्हाकित दिव्यांगों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।वहीं इस कार्यक्रम के माध्यम से पुराने गीतों को सुनकर मन को तरोताजा करने का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष मुंबई, नागपुर, कोलकाता, छत्तीसगढ़ के कलाकार भूले बिसरे गीतों के माध्यम से सुरमयी शाम की प्रस्तुति देंगे। भारतीय जैन संघटना महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती सूर्या लुंकड़ ने इस कार्यक्रम में सहयोग की अपील की है।

# बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, दो घायल

रूद्री रोड पेट्रोल पम्प के पास हुई घटना



**धमतरी**। रूद्री रोड से गुजर रही बाइक को अन्य वाहन ने कट मार दिया जिसके कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। घटना में दो सवार घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अमेठी निवासी कमलेश ध्रुव पिता रामचन्द उम्र 45 वर्ष बुधवार को देवेन्द्र विश्वकर्मा के साथ बाइक से रूद्री रोड स्थित ग्रामशक्ति बैंक में पैसे निकालने पहुंचे थे। वहां के स्टाफ ने कमलेश को दोपहर 3 बजे आने के लिए कहा। जिसके बाद दोनों बाइक में सवार होकर वापस घर ग्राम अमेठी लौट रहे थे। इसी दौरान रूद्री रोड स्थित पेट्रोल पम्प के सामने से गुजर रही एक अन्य वाहन ने कट मार दिया जिसके कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस घटना में कमलेश के सिर व चेहरे में गंभीर चोट लगी है। वहीं देवेन्द्र के पैर में चोट आई है। रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान ने एम्बुलेंस की मदद से घायल कमलेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# धान खरीदी मुद्दे को लेकर युकां मुख्यमंत्री निवास का करेगी घेराव

- युकां ने प्रेसवार्ता में भाजपा सरकार पर किसानों को छलने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



युवा कांग्रेस ने स्थानीय राजीव भवन में बुधवार को प्रेसवार्ता ली। इस दौरान बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयमान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान पोस्टर का विमोचन किया गया।

युकां के जिला प्रवक्ता तारिक रजा कादरी ने बताया कि 31 सौ रूपए में 21 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी का वादा कर शासन में आई सरकार ने अब किसानों को छलने का काम शुरू कर दिया है। 21 क्विंटल की बजाए 12, 15 या 16 क्विंटल की ही खरीदी की जा रही है। 31 सौ की बजाय 23 सौ का ही भुगतान कर रही है। इससे किसान ठगा महसूस कर रहे हैं। केंद्र ने 117 रूपए की वृद्धि की है। उनकी मांग है कि सरकार 3217 रूपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी करें। कांग्रेस शासनकाल में समर्थन मूल्य में वृद्धि होने पर 25 सौ की जगह 2640 रूपए में धान की खरीदी हुई थी। धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने 120 रूपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया था। जिसे विष्णुदेव सरकार ने 60 रुपए कर दिया। इससे राइस मिलर मिलिंग करने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं।

विगत पांच वर्षों से शराबबंदी की मांग करने वाली भाजपा ने सत्ता में आते ही शराब नीति में परिवर्तन कर मनपसंद एप के माध्यम से होटलों एवं रेस्टोरेंट में आसानी से शराब उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। शराब की बिक्री से युवा वर्ग बर्बाद हो रहा है। नशे की गोलियों के गिरफ्त में नाबालिग ज्यादा आ रहे हैं। इससे अपराध में भी बढ़ोतरी हो रही है। बलौदाबाजार, कवर्धा, लोहारडीह, सूरजपुर की घटना हो गई। 2500 बेरोजगारी भत्ता पुनः दिया जाए। कुरूद टोलप्लाजा में जिले के वाहनों के शुल्क में छूट, रेलवे प्रभावितों का विस्थापन, आवास योजना की राशि जारी करने की मांग की गई। धमतरी विस अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने कहा कि जनहित के मुद्दे उठाते रहेंगे। मुख्यमंत्री निवास का घेराव पूरी ताकत से करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र सोनवानी, योगेश शर्मा, कुलेश्वर देवांगन, भागवत साहू, विशु देवांगन मौजूद थे।

# आरक्षक भर्ती के दौरान अभ्यर्थी हुआ बेहोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री में चल रही आरक्षक संवर्ग के भर्ती के दौरान एक अभ्यर्थी बेहोश हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री पुलिस लाइन में आरक्षक संवर्ग की भर्ती प्रक्रिया जारी है। बुधवार को भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने पहुंचे थे। नितिश कुमार साहू पिता होरीलाल उम्र 24 वर्ष ग्राम कोलियारी थाना भखारा निवासी भी भर्ती में शामिल होने आया था। युवक ने 100 मीटर की दौड़ निकाल ली थी। उसके बाद 800 मीटर की दौड़ के दौरान चक्कर आ जाने से युवक ट्रेक में बेहोश होकर गिर गया। वहां तैनात जवानों ने युवक को तत्काल एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

फॉल सिलिंग कार्य के साथ हो रहा भवन का सौन्दर्यीकरण

# कायाकल्प योजना के लिए तैयार हो रहा जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल भवन के अंदरूनी हिस्से में फॉल सिलिंग कार्य जारी है। कार्य पूरा हो जाने के बाद यह निजी अस्पतालों का अहसास कराएगा। वहीं कायाकल्प योजना की दौड़ में शामिल हो पाएगा।

जिला चिकित्सालय के सामने का भवन पुराना हो जाने के कारण हर बार कायाकल्प योजना में पिछड़ जाता है। वर्ष 2023-24 के कायाकल्प योजना में जिला अस्पताल को 76.79 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ था, जिसके कारण जिला अस्पताल को सांत्वना पुरस्कार से ही संतुष्ट होना पड़ा था। हालांकि अस्पताल के पुराने भवन के आधे हिस्से को डिसमेंटल कर उसके स्थान पर नए भवन का निर्माण कार्य जारी है। नये भवन के बन जाने से जिला अस्पताल को कायाकल्प योजना में पुरस्कार पाने की उम्मीद तो है लेकिन नये भवन का निर्माण कार्य पूरा होने व उसे शुरू होने में अभी समय लगेगा। फिलहाल अस्पताल के पुराने भवन का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। अस्पताल के सौन्दर्यीकरण सहित अन्य कार्यों के लिए पूर्व में बजट स्वीकृत हो चुका था लेकिन कार्य शुरू नहीं हो पाया था। कलेक्टर के निर्देश पर अस्पताल के सौन्दर्यीकरण का बजट दोबारा जारी किया गया। आरईएस विभाग द्वारा अस्पताल के मुख्य हॉल व ब्लड बैंक जाने वाले गलियारे के सिलिंग में फॉल सिलिंग का कार्य शुरू किया गया है। सिलिंग लाइट से डेकोरेट किया जाएगा। अस्पताल के सामने के अंदरूनी हिस्से का सौन्दर्यीकरण हो जाने से आने वालों का निजी अस्पताल में पहुंचने का अहसास होगा। वहीं सौन्दर्यीकरण हो जाने से अस्पताल काफी आकर्षक लगने लगेगा जिससे कायाकल्प योजना 2024-25 को जिला अस्पताल को ज्यादा नंबर मिल पाएगा।



### अच्छे नंबर मिलने की उम्मीद

जिला अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि जिला अस्पताल के सौन्दर्यीकरण व अन्य कार्यों के लिए 17 लाख का बजट जारी हुआ है। आरईएस विभाग द्वारा सिलिंग का कार्य कराया जा रहा है। वहीं छत को वाटरप्रूफ कोड चढ़ाने, टाईल्स, शौचालय व बाथरूम की मरम्मत कर सुधार किया जाएगा। सौन्दर्यीकरण होने से कायाकल्प योजना में अच्छे नंबर मिलने की उम्मीद है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### मड़ई में दो युवकों से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**मगरलोड।** मड़ई मेला घूमने आए दो युवकों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर को ग्राम अमलीडीह की मड़ई थी। जलकुंभी निवासी भुनेश्वर भुजिया और जितेन्द्र कुमार दोनों अमलीडीह मड़ई मेला घूम रहे थे। रात्रि 7 बजे पानी टंकी के पास मामूली बात को लेकर भुनेश्वर भुजिया के साथ अमलीडीह के कुछ युवकों की बहस शुरू हो गई। बात मारपीट तक आ गई। विवाद छुड़ाने आए साथी जितेन्द्र कुमार से भी मारपीट की गई। मारपीट से भुनेश्वर भुजिया के सिर, बायीं जांघ में चोट तथा जितेन्द्र के बाएं कंधे, नाक, दाहिनी कोहनी में चोट लगी। घायल युवकों संजीवनी 108 से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। 16 दिसंबर को भुनेश्वर भुजिया पिता हंसकुमार उम्र 19 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना अधिकारी प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि प्रार्थी भुनेश्वर भुजिया की रिपोर्ट पर आरोपी डायमंड निर्मलकर और हलधर अमलीडीह समेत अन्य लोगों के खिलाफ धारा 296, 115, 351(2), 3(5) बीएनएस अपराध दर्ज किया गया है।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./39/अ/74 वर्ष 2023-24
ग्राम-भटगांव

सर्व साधारण आम जनता मौजा ग्राम भटगांव प.ह.नं. 46 रा.नि.नं. रूद्री तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीता बाई सिन्हा पिता बुधूराम, जाति कलार, निवासी ग्राम भटगांव तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) का रहने वाली है। आवेदिका द्वारा अपनी माता बुधो बाई पति बुधूराम का मृत्यु दिनांक 06/07/2022 को स्थान ग्राम भटगांव तह. व जिला धमतरी में होना बताया है। जो भूलवश ग्राम पंचायत भटगांव के जन्म/मृत्यु पंजी में पंजीयन नहीं है। इस कारण प्रमाण पत्र बनाने में काफी असुविधा उत्पन्न हो रहा है ऐसी स्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को अपना आपत्ति/उजर दावा पेश करना है तो वह दिनांक 24/12/2024 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय तक उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
धमतरी (छग.)

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

ग्रामीणों ने पुलिया व सड़क चौड़ीकरण की मांग शासन-प्रशासन से की

# थुहा-नवागांव मार्ग पर बनी संकरी पुलिया हादसे को दे रही दावत

बीते शनिवार की रात एक बोलेरो वाहन हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम थुहा में नवागांव जाने वाले मार्ग पर बनी संकरी पुलिया हादसे को दावत दे रही है। पुलिया संकरी और दोनों ओर रेलिंग भी न होने से राहगीरों को हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विगत दिनों इसी संकरी पुलिया के कारण एक चार पहिया वाहन हादसे का शिकार हो गया था जिसमें आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये।



कुरुद विकासखंड अंतर्गत ग्राम थुहा से नवागांव जाने वाले मार्ग में सतनामी पारा के पास एक संकरी पुलिया है। पुलिया के पास मोड़ है और मार्ग भी संकरा है। जिसमें एक साथ दो चार पहिया वाहन नहीं गुजर पाता है। बीते शनिवार की रात्रि सीजी 18 पासिंग का एक बाराती वाहन इसी संकरी पुलिया का शिकार हो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बोलेरो पुलिया के नीचे नाले में पलट गया जिसमें सवार करीब आधा दर्जन बारातियों को गंभीर चोटें आई हैं। हालांकि इस घटना की सूचना किसी ने पुलिस को नहीं दी थी इसलिए मामला पंजीबद्ध नहीं हो पाया है। वहीं इस घटना के बाद ग्राम थुहा व नवागांव के ग्रामीणों ने उक्त पुलिया के चौड़ीकरण की मांग क्षेत्रीय विधायक के अलावा रोड निर्माण विभाग से की है।

नवागांव के ग्रामीण खिल्लू साहू, जितेंद्र साहू, उपेंद्र साहू, आसकरण साहू, थुहा के नरोत्तम साहू, सोम कुमार, तोरण साहू आदि का कहना है कि थुहा के सतनामी पारा के पास बनी पुलिया दिक्कत दे रही है। तीव्र मोड़ होने से वाहन चालकों को हर समय खतरे का अंदेशा लगा रहता है। पुलिया के दोनों ओर रेलिंग तक नही हैं। अगर कोई बाहरी व्यक्ति रात में इस मार्ग से गुजरता है तो जरा सी असावधानी से चोट खाता है। मोड़ के पास माइनर के अलावा खाई भी है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया संकरी होने के कारण बड़े वाहन की आवाजाही में खतरा रहता है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग है।

## बाबा ने समाज में समानता का दिया संदेश : भावसिंग

- जोड़ा जैतखाम पर झंडा चढ़ाकर मनाई घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम थुहा के बंगोली रोड स्थित साधु कुटी आश्रम के जोड़ा जैतखाम में गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुओं ने विधि- विधान से पूजा अर्चना कर झंडा चढ़ाया।



इस दौरान सतनामी समाज के धमतरी जिला अध्यक्ष भावसिंग डहरे ने कहा कि घासीदास बाबा ने मानव समाज में समानता, भाईचारा का संदेश दिया। जिला सचिव खिलावन बारले ने समाज में गरीब बच्चों के पढ़ाई के लिए धन संग्रहित कर उच्च शिक्षा में सहयोग करने की बात कही। तेजेश्वर कुर्रे ब्लॉक अध्यक्ष सतनामी समाज एवं रोहित कुर्रे ने कहा कि समाज के युवक-युवती को उच्च शिक्षा प्राप्त कर नौकरी की तैयारी के साथ-साथ सामूहिक व्यवसाय की ओर प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर संजू मनहरे, भोज मनहरे, शेषनारायण टंडन, संजू बारले, राजा बघेल, धर्मेंद्र डहरे, हिमेश बंजारे, राहुल टंडन, दीपेश टंडन, अमित टंडन, विजय बारले, डिकेश टंडन, साहिल गायकवाड़, रूपेश टंडन, रितेश महिलांगे, बंटी टंडन, नागेश्वर चंदेल, लकी बंजारे उपस्थित थे।

## युवा संगठन का सम्मान समारोह 22 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ओंकार साहू



विजय देवांगन


युवा संगठन छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज का सम्मान समारोह 22 दिसंबर को मानव वन एडवेंचर कैंप धमतरी में सुबह 10 बजे रखा गया है। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू होंगे। अध्यक्षता महापौर विजय देवांगन करेंगे। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज के महासभा अध्यक्ष भुवनलाल अवसरिया, महासचिव पुष्कर कहार, उपाध्यक्ष पदमा कहार, कोषाध्यक्ष गणेश गोहिल होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चंद्रहास कहार ने बताया कि कार्यक्रम में 32 राज के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष समेत समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जायेगा। संगठन द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी जायेगी। समाज को और मजबूत बनाने पर चर्चा की जायेगी। माता अंगारमोती की पूजा- अर्चना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

## भाजपा के डबल इंजन की सरकार में हो रहा विकास : मंडावी

- पूर्व सांसद ने मगरलोड भैंसमुंडी में टिन शेड निर्माण कार्य का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी वार्ड क्रमांक 8 में सांसद निधि से नवनिर्मित टिन शेड निर्माण का लोकार्पण पूर्व सांसद कांकेर मोहन मंडावी के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष विजय यदु की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, पार्षद दुर्गा साहू, पार्षद झमित सिन्हा, महामंत्री रामायण सिन्हा उपस्थित थे।



मुख्य अतिथि सांसद श्री मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार में निरंतर विकास हो रहा है। आने वाले समय में मगरलोड क्षेत्र में विकास की अनेक संभावनाएं हैं। धमतरी से नगरी बांसकोट कोंडागांव जगदलपुर तक रेल लाइन के लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास किया गया और भविष्य में भी इस संबंध में प्रयासरत रहूंगा। रेल मंत्री द्वारा सर्वे की स्वीकृति दी गई जिसके तहत रेलवे मंत्रालय द्वारा सर्वे किया जा रहा है। क्षेत्र में सप्त ऋषियों का आश्रम है। इसका भी समुचित विकास कर नगरी सिहावा क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप स्थापित किया जाना चाहिए। विशेष अतिथि राजेंद्र गोलछा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। नगर पंचायत क्षेत्र में भी भाजपा की सरकार बनानी है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष विजय यदु, नेता प्रतिपक्ष दुर्गा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नीतू साहू, नरेश सिन्हा, विमल ध्रुव ने भी सम्बोधित किया।

मौके पर महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदनी सिन्हा, जनपद सदस्य हिरामन ध्रुव, सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव, डीहू राम साहू, दिलीप सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष टीकम साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू, महिला मोर्चा महामंत्री भानुप्रिया साहू, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मुरली सिन्हा, सुरेश चेलक, गजेन्द्र साहू, अशोक साहू, हितेश्वरी साहू, विमल ध्रुव, अश्वनी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### हिंछापुर में घासीदास जयंती मनाई गई



**सांकरा।** ग्राम हिंछापुर में गुरु घासीदास की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि प्रेमनारायण सिन्हा, नारायण कांडे, लक्ष्मीनाथ कांडे, रवि कांडे थे। नया जैतखाम के लिए प्रेमनारायण सिन्हा ने वित्तीय सेवा देने का आश्वासन दिया।

### कन्या कालेज में औषधीय पौधों पर हुआ व्याख्यान





**धमतरी।** औषधीय पौधे एवं उसके प्रयोग विषय पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान कार्यक्रम रखा गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एनएस देहारी विभाग अध्यक्ष शासकीय बीसीएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने औषधीय पौधों और उसके विभिन्न बीमारियों में होने वाले प्रयोग के विषय में छात्राओं को पावर पॉइंट के माध्यम से जानकारी दी। पौधों में पाए जाने वाले सेकेंडरी मेटाबॉलाईट्स किस तरह रोगों से लड़ने में मदद करते हैं इस पर गहनता से छात्राओं को समझाया। अश्वगंधा, सर्पगंधा, आंवला, गिलोय, तीखुर, भूमि आंवला, भूमि नीम, तुलसी, अदरक, बेल की ज्ञानवर्धक जानकारी दी। प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया ने कहा कि वर्तमान में आयुर्वेदिक औषधि प्राचीन काल के समान पुनः अपना स्थान प्राप्त करेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.डीआर चौधरी, डॉ. आर. मरकाम, वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. ओपी चंदे समेत महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति ने सफाई अभियान चलाया



**नगरी।** सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति ने नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 1 चुरियारा प्राथमिक शाला विद्यालय के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। डिस्पोजल, पॉलिथीन को एकत्रित किया। आसपास को स्वच्छ व सुंदर बनने का संकल्प लिया। मौके पर वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष मदन लाल साहू उपाध्यक्ष लेखा बाई, वन संसाधन समिति अध्यक्ष विष्णु भास्कर, सचिव हेमलाल ध्रुव, बलराम कुंजाम, सदस्यगण सुमित्रा बाई साहू, पिंगला बाई, कमल सिंह, पवन साहू, जसवंत साहू, प्रेमलाल, सुरेश, अघनु राम, कलाबाई, प्रेम बाई, फूलबासन, बिंदा बाई, राधा बाई, जितेश्वर कुंजाम, हिरम बाई, मिनेश्वरी, खम्मन, लेभा बाई, संतोषी ध्रुव उपस्थित थे।

### मुल्ले में पंथी नृत्य स्पर्धा 19 एवं 20 को



**जीजामगांव।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर सतनामी समाज द्वारा ग्राम मुल्ले में 19 एवं 20 दिसंबर को दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्ज्वलन के अतिथि भूषण जांगड़े, ठाकुर रात्रे प्रोफेसर, दूज राम सोनवानी एएसआई, चंद्रिका प्रसाद सोनवानी होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष अर्जुन सोनवानी, उपाध्यक्ष अनूप बारले, कोषाध्यक्ष कामताप्रसाद सोनवानी, सचिव जयंत कुर्रे, संयोजक देवनारायण टंडन सहित सतनामी समाज के सदस्य जुटे हुए हैं।

## जूडो प्रतियोगिता में 15 कालेज के 33 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

- कुरुद कॉलेज में आयोजित हुई अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता हुई।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर थे। अध्यक्षता प्राचार्य डां.ए.के. मिश्रा ने किया। इस आयोजन में रायपुर संभाग के 15 महाविद्यालय के 18 पुरुष खिलाड़ी एवं 15 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न वजन वर्ग के अनुसार ही प्रतियोगिता हुई। गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ी ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व किया एवं इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन टीम का चयन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि मो. अकरम खान छग ओलंपिक एवं छग वालीबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष थे। हेमशंकर नायक डीएसपी, मोहम्मद बेग, तरूणेश परिहार पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम कोच ने खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया एवं विभिन्न वजन वर्ग में गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। अतिथियों ने अपने समय के खेलकूद एवं अध्ययन-अध्यापन को याद करके खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। क्रीड़ा प्रभारी अमित टंडन ने आभार व्यक्त किया।

## गोंडवाना विद्या मंदिर में हुआ न्योता भोज





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गोंडवाना प्राथमिक विद्या मंदिर कसपुर में बौद्धिक, सांस्कृतिक व क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान गोंडवाना समाज के युवा व्यवसायी संजू नेताम ने न्योजा भोज का आयोजन किया। उनके द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन परोसा गया। इससे पूर्व बच्चों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने बौद्धिक एवं आदिवासी संस्कृति पर कार्यक्रम पेश किया। बच्चों ने कई ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए।

मौके पर प्रधानाचार्य शिवनाथ मरकाम, शाला समिति उपाध्यक्ष बोधन सिंह मरकाम, पालक सोहनलाल नेताम, धनुष राम मरकाम, हीरा मरकाम, गोवर्धन मरकाम, इतवारी मांडवी, चमार सिंह, उमेश्वरी मरकाम, सरिता नेताम, कुंती मरकाम, मुनेश्वरी मरकाम उपस्थित थे।

निर्वाचन अधिकारी इंदरचंद चोपड़ा ने की नाम की घोषणा

## भाजपा नगरी मंडल के बलजीत अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी मंडल का चुनाव बुधवार को दोपहर 3 बजे दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण में हुआ। निर्वाचन अधिकारी इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी, चुनाव सह अधिकारी रविशंकर दुबे थे। श्री चोपड़ा ने लिफाफा खोलकर अध्यक्ष के लिए बलजीत छाबड़ा के नाम की घोषणा की। उसके बाद कार्यकर्ताओं ने फूलमाला, गुलाल लगाकर पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा का स्वागत किया। उनके प्रथम नगर आगमन पर आतिशबाजी की गई।



इस दौरान पूर्व विधायक पिंकी शाह, पूर्व जिला महामंत्री कमल डागा, पूर्व अध्यक्ष नपं नगरी नागेंद्र शुक्ला, अध्यक्ष जपं नगरी दिनेश्वरी नेताम, नपं अध्यक्ष आराधना शुक्ला, अजजा प्रकोष्ठ जिला धमतरी महामंत्री हृदय साहू, महेन्द्र नेताम, उपाध्यक्ष नपं नगरी अजय नाहटा, मोहन नाहटा, अनिरुद्ध साहू, मन्नू यादव, रूपेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, राजू गोसाई, देवेंद्र परिहार, बिमला धुर्वा, अमरसिंह ध्रुव, महेंद्र साहू, मनोज नेताम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### गर्ल्स कालेज की तीन खिलाड़ी रविशंकर विवि का करेंगी प्रतिनिधित्व

**धमतरी।** कन्या महाविद्यालय की छात्राएं खेल के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की तीन खिलाड़ी दो खेल में रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। विगत दिनों चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली पंजाब में कराते में प्रतिनिधित्व किया था। कन्या महाविद्यालय की दो खिलाड़ी उन्नति ध्रुववंशी व्यक्तिगत काता एवं टीम काता एवं सुमन फूटान टीम काता 17 से 23 जनवरी 2025 को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा में अपना जौहर दिखायेंगे। 16 दिसम्बर को दुर्गा महाविद्यालय रायपुर द्वारा ऑल इण्डिया चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 50 किलोग्राम में प्रथम स्थान पर कुमुद यादव, 55 किलोग्राम में मोनिका भोयर द्वितीय रही। कुमुद का चयन गुरू कांशी विश्वविद्यालय तलवण्डी साबो भटिंडा ऑल इण्डिया कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएम मोदी की गारंटी पूरी की : निलेश



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ की जनता को जो भरोसा दिया था, गारंटी दी थी, उसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 1 साल में पूरा कर दिया है। आने वाले वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश देखने को मिलेगा। यह बातें भाजपा शहर मंडल महामंत्री निलेश लुनिया ने कही है। श्री लुनिया ने कहा है कि प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा। इस अवधि में प्रदेश की जनता को सिवाय उपेक्षित होने के कुछ नहीं मिला जिसे देखते विधानसभा चुनाव के पूर्व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमारी सरकार बनने पर प्रदेशवासियों को न सिर्फ सुशासन देखने को मिलेगा बल्कि सर्वहारा वर्ग के साथ प्रदेश का अविरल विकास देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यकाल में जनता खुशहाल है।

### जिले के अटल चौक की हो रही रंगाई-पुताई

**धमतरी।** जिले में सुशासन के एक साल के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर जिले के अटल चौक सहित विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कुकरेल, गट्टासिल्ली, दरगहन, झुरातराई, बेलरगांव, नवागांव (कस), भुरसीडोंगरी, ठेनही, खल्लारी, टांगापानी, गढ़डोंगरी (रै), सियादेही, नवागांव (सां), मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत डाभा, सोनपैरी के अटल चौक में रंगाई पुताई सहित कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत भैंसबोड़, गोबरा, फुसेरा, बगदेही, तर्रागोंदी, राखी, संकरी, नवागांव (उ), अटंग के अमृत सरोवरों की सफाई और एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया।

### अग्नि कर्म चिकित्सा शिविर 19 से

धमतरी। श्री आरोग्य मंदिर आयुर्वेद चिकित्सालय आमापारा अंबा चौक धमतरी में 19 व 20 दिसंबर को प्रातः 10 से 1 बजे तक अग्नि कर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ. धर्मेन्द्र सिन्हा ने बताया कि अग्नि कर्म से शरीर के अनचाहे तिल, मस्से, गोखरू, न भरने वाले घाव का उपचार किया जाएगा। डॉ. प्रीति सिन्हा द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाएगा।

बीसीएस कालेज के प्रांगण में हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन

# छात्रों ने किया रैम्प वॉक, पंजाबी राजस्थानी नृत्य कर मचाया धमाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रिकेट स्टेडियम में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र रोहरा थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, पूर्व प्राचार्य डॉ. अनंत दीक्षित, योगेश गांधी, विजय साहू, राकेश मौर्य, अश्वनी दुबे, सुभाष चंद्राकर, जागेश्वरी साहू, यतीश भूषण श्रीवास्तव, राकेश साहू, धनेन्द्र साहू, पीवी पराडकर थे। मंच संचालन डॉ. सरला व्दिवेदी ने किया।

प्राचार्य डॉ.विनोद कुमार ने अतिथियों से नवीन कोर्स एवं अन्य सुविधाओं की मांग रखी। इस अवसर पर श्री रोहरा ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन के साथ अपने विद्यालय जीवन में कठिन प्रतिज्ञा कर उच्च पदों पर आसीन होने की बात कही। भविष्य में नवीन कोर्स प्रारंभ कराने के साथ आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने छात्र-छात्राओं को अपनी मंजिल तक पहुंचने हेतु महत्वपूर्ण टिप्स दिए। पूर्व प्राचार्य डॉ. अनंत दीक्षित ने लगन एवं कड़ी मेहनत का संदेश दिया। विजय साहू , अश्वनी दुबे ने अपने छात्र जीवन के अनुभव को साझा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अर्पणा एवं साथी ने पंजाबी रिमिक्स समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। बुधेश्वरी पटेल ने मेरे ढोलना की प्रस्तुति, लीलेश एवं टिकेश्वरी ने रिमिक्स युगल नृत्य की प्रस्तुति, रिसाज ग्रुप ने समूह गायन की प्रस्तुति, किरण सिन्हा ने राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति दी। रैम्प वॉक का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने मराठी, राजस्थानी, दक्षिण भारतीय की शानदार प्रस्तुति दी।

निर्णायक की भूमिका डॉ. हेमवती ठाकुर, डॉ. चंद्रिका साहू एवं ग्रेस कुजूर ने निभाई। इस आयोजन में पीसी चौधरी, हेमवती ठाकुर, दुर्गेश प्रसाद, अमरसिंग साहू , आकांक्षा कश्यप, डॉ.सीमा साहू, अमित साहू, कुशलचंद चोपड़ा, निरंजन कुमार, दिनेश्वर सलाम, कृष्ण कुमार देवांगन, डॉ.सरला व्दिवेदी, संजय राठौर का सहयोग रहा। आभार प्रदर्शन छात्रसंघ प्रभारी दुर्गेश प्रसाद ने किया।

# भारत में 1253 और विदेश में तीन केंद्रीय विद्यालय संचालित

- केवि ने मनाया अपना 62वां स्थापना दिवस, इनोवेटिव मॉडल प्रस्तुत किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





केंद्रीय विद्यालय ने अपना अपना 62वां स्थापना दिवस मनाया। मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज धमतरी के प्राचार्य विनोद पाठक थे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार ने की। विशेष अतिथि सहायक प्राध्यापक एके सिंह थे। मंच पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य डुमनलाल ध्रुव, डॉ. अजय साहू, श्रीमती नूतेश साहू उपस्थित थे।कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राएं ईशान गोस्वामी, लेखिका नाग, मिथिलेश कौशिक भी उपस्थित थे। पलक साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय विद्यालय संगठन के योगदान पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य श्री कुश्तवार ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना के उद्देश्य और मिशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरे भारत में 1253 और विदेश में तीन केंद्रीय विद्यालय संचालित है जो विश्व की सबसे बड़ी विद्यालयों की श्रृंखला है। गगन सतदेवे मेश्राम एवं मयंक साहू ने अटल टिंकरिंग लैब में बनाए गए अपने इनोवेटिव मॉडल्स की प्रस्तुति दी। विद्यालय के पूर्व छात्र ईशान गोस्वामी एवं मिथिलेश कौशिक ने शैक्षणिक एवं चारित्रिक निर्माण में केंद्रीय विद्यालय के योगदान पर प्रकाश डाला। डुमन लाल ध्रुव ने विद्यालय को स्वलिखित चार पुस्तकें भेंट की। मुख्य अतिथि श्री पाठक ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन देश का सर्वोच्च शैक्षणिक संगठन है जो लगातार 65 वर्षों से देश में काम कर रहा है। केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना 15 दिसंबर 1963 को हुई थी। उन्होंने बच्चों को एक अच्छे नागरिक बनकर अपने और अपने समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित भी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वालों, सर्वोच्च परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों, भारत स्काउट गाइड के गोल्डन एरो अवार्ड प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीआर साहू, मीनाक्षी सिन्हा और अभिज्ञा गोस्वामी व आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक पीएल साहू ने किया। कार्यक्रम में सुरेश देवांगन, रीमन देवांगन, बीआर यादव, एसके गिरी सहित स्टाफ का योगदान रहा।



# भाजपा मंडल कुकरेल के अध्यक्ष बने संजय

- चुनाव प्रभारी कालीदास ने प्रांतीय संगठन का लिफाफा खोलकर नाम की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भाजपा मंडल कुकरेल के नए अध्यक्ष की घोषणा चुनाव प्रभारी पूर्व भाजपा जिला महामंत्री कालीदास सिन्हा एवं जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस की अगुवाई में कुकरेल साहू समाज की भवन में हुई। चुनाव प्रभारी ने प्रदेश संगठन से आए लिफाफा को खोलकर मंडल अध्यक्ष के लिए गट्टासिल्ली तालपारा निवासी संजय मरकाम के नाम की घोषणा की।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने प्रांतीय संगठन के सदस्यता अभियान पर प्रकाश डालते हुए समय पर नवीन सदस्यता जोड़ने पर खुशी जाहिर की। चुनाव प्रभारी कालीदास सिन्हा ने कुकरेल मंडल के सदस्यों को सहयोग और समर्पण के साथ एक जुटता का परिचय देते हुए कार्य करने की राय दी। नवीन मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम का तिलक, पुष्प हार पहनाकर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष टेलेश्वर ठाकुर, वामनदेव साहू, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी, जिपं सदस्य अनीता ध्रुव, महेश गोटा, भारत साहू, सुरेन्द्रराज ध्रुव, अखिलेश प्रजापति, अजय ध्रुव, शुभम यदु, शैलेन्द्र साहू, टिकेश्वर साहू, घनश्याम साहू, ऋतु साहू, चन्द्रकला साहू, पुष्पा साहू, इंद्राणी साहू, रुपोतीन मंडावी, वासु साहू, ननकूदास मानिकपुरी सहित भाजपा मंडल कुकरेल के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

### करियर इन फिजिक्स पर हुई व्याख्यानमाला

**धमतरी।** कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया के मार्गदर्शन में करियर इन फिजिक्स में व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संजय पवार सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल थे। प्राचार्य डॉ. राजपुरिया ने बताया कि कैसे प्रकृति के मूलभूत नियमों को समझकर विज्ञान तकनीकी और समाज के विकास में योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय पवार ने बताया कि स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की पढ़ाई के लिए एनटीए और आईआईटी द्वारा संचालित विभिन्न परीक्षाओं जैसे आईआईटी जैम, जेईएसटी, टीआईएफआर, सीएसआईआर, नेट जेआरएफ और गेट उत्तीर्ण कर डीआरडीओ, बीएआरसी, इसरो और नासा जैसे उच्च संस्थानों में वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया जा सकता है।

# अहिल्याबाई ने देश के सभी क्षतिग्रस्त मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया

- बालक स्कूल में होल्कर की जीवनयात्रा को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महेश शर्मा जिला अध्यक्ष पुण्य श्लोक लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रि शताब्दी जन्म जयंती समारोह आयोजन समिति जिला धमतरी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को स्मरण करने पर व्यक्ति में स्वयं ही राष्ट्र प्रेम, धर्म प्रेम की भावना जागृत हो जाती है। उन्होंने उनके बताए हुए मार्गों पर चलने की बात कही।

मुख्य वक्ता श्रीमती चेतना रणसिंह ने अहिल्याबाई होल्कर द्वारा द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को उल्लेखित किया। ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले सामान्य परिवार की बालिका से एक असाधारण शासनकर्ता तक की उनकी जीवनयात्रा आज भी प्रेरणास्त्रोत है। लीना भारती सिन्हा ने कहा कि समाज के सभी वर्ग का सम्मान, सुरक्षा, प्रगति के अवसर देने वाली समरसता की दृष्टि उनके प्रशासन का आधार रही। केवल अपने राज्य में ही नहीं, अपितु देश के मंदिरों की पूजन-व्यवस्था और उनके आर्थिक प्रबंधन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया। बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक और द्वारिका से लेकर पुरी तक आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों का उन्होंने पुनर्निर्माण करवाया। इस अवसर पर प्राचार्य आत्माराम साहू, सियाराम कुर्रे, मुकेश पटेल, कामता प्रसाद, कुमलेश कुमार साहू समेत विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे। मंच संचालन घनश्याम साहू ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मौरीखुर्द में श्रीमद् भागवत कथा 22 से



**मगरलोड।** ग्राम मौरीखुर्द में स्व. गोपालराम साहू एवं स्व. श्रीमती सुहाताबाई की स्मृति में 22 से 29 दिसंबर तक सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। प्रवचनकर्ता पं. परमानंद युग पुरोहित पंचकोशी धाम फिंगेश्वर तथा परायणकर्ता पं. तेजराम पुरोहित होंगे। प्रथम दिवस 22 दिसंबर को कलशयात्रा, देवपूजा, भागवत स्थापना, गौकर्ण कथा, 23 को सुखदेव एवं परीक्षित जन्मकथा, 24 को ब्रह्मांड की उत्पत्ति एवं ध्रुव चरित्र, 25 को प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, 26 को समुद्र मंथन, वामन अवतार कथा, 27 को श्रीराम, कृष्ण जन्म तथा गोकुल बाल लीला, 28 को रूक्मणि विवाह एवं सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, 29 को गीता, प्रवचन, हवन, पूर्णाहुति, भंडारा के साथ कथा का समापन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में भूखनराम साहू, दयाराम साहू, तुलसी साहू, रामदयाल, सुलेंद्री, सुनील, सुमन, कमलेश, रेखा साहू जुटे हैं।

### घासीदास जयंती पर जैतखाम में हुई पूजा-अर्चना





**सांकरा।** ग्राम खम्हरिया में संत शिरोमणि गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती मनाई गई। गली भ्रमण कर जैतखाम में पूजा-अर्चना की गई। मौके पर सतनामी समाज अध्यक्ष तोरण रात्रे, सचिव लोकेश महिलांगे, उपसरपंच पुनेन्द्र साहू, हेमंत नाग, पुराणमल नेताम, विनोद रात्रे, दुष्यंत टोड्डे, नरेंद्र रात्रे, कोमल खेलन, विज्येंद्र, शत्रुघन रात्रे, हेमंत रात्रे, संजय खेलन, सत्यनारायण, प्रेमचंद, रामकुमार, कमल, राहुल, किशन समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### स्टेशनरी किट एवं कॉपी का किया वितरण



**धमतरी।** समग्र शिक्षा धमतरी के मार्गदर्शन में हुमाना पिपुल टू पिपुल इंडिया संस्था ने कदम प्रोग्राम के तहत शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने एवं ज्ञानात्मक अंतर को दूर करने के लिए स्टेशनरी किट एवं कॉपी का वितरण किया। राकेश कुमार सोनवानी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शाला त्यागी बच्च स्कूल आए और शिक्षा अध्ययन करें। कदम प्रोग्राम में शिक्षक बच्चों के लिए ऐसे अवसरों का निर्माण करने की रोचक भूमिका निभाएंगे जिनके जरिए बच्चे चीजों की छानबीन, अनुभव या प्रयोग करने में सक्षम हो सके। कार्यक्रम में देवलाल साहू प्रधानपाठक, सुनील कुमार साहू, दीपक यादव एवं मीनाक्षी वर्मा अनुदेशक उपस्थित थे।

### नगरी में घासीदास जयंती मनाई गई

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रं 15 में गुरु घासीदास बाबा का 268वां जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। घासीदास के छायाचित्र की विधि-विधान से पूजा- अर्चना की गई। दोपहर को रैली में छोटे छोटे बच्चे हाथों पर ध्वजा लेकर निकले। चौक-चौराहों पर युवाओं ने पंथी नृत्य किया। मौके पर रूपेन्द्र साहू, नरेन्द्र नाग, सभापति भूपेन्द साहू, विनय चौहान, जसपाल खनूजा ने बजरंग चौक पर सतनामी समाज के लोगों का श्रीफल देकर स्वागत किया।

### बच्चों ने सजाई पकवान एवं सब्जियों की दुकान





**धमतरी।** प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बिंद्रा नवागांव में बाल मेला का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला की प्रधानपाठक श्रीमती ममता खालसा एवं माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक श्रीमती गौरी गुप्ता बताया कि बालमेला में बच्चों ने तरह-तरह के पकवान एवं सब्जियों की दुकान लगाई थी। डोरेमोन खेल का आनंद उठाया। बाल मेला का ग्रामवासियों एवं शिक्षकों ने खूब आनंद उठाया। बच्चों को खरीदी-बिक्री का महत्व बताया। लाभ-हानि का अर्थ समझाया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन की सराहना की। प्रबंधन समिति ने कहा कि बाल मेला का आयोजन हर वर्ष होना चाहिए ताकि बच्चे लाभ हानि का महत्व समझ सके। बच्चे पैसों का हिसाब-किताब सीख सके। उनके दैनिक जीवन में गणितीय संक्रियाएं सरल हो सके।






## खबर संक्षेप



### अम्बेडकर वार्ड में सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन

**धमतरी।** अंबेडकर वार्ड में कमल विहार नवकार हॉस्टल कालोनी में सीसी रोड सहित अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख सलाहकार एवं सेंट्रल सिंधी पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, छत्तीसगढ़ पंचायत के कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश वाधवानी, कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश थारवानी, समाजसेवी अर्जुन लखवानी ने किया। इस अवसर पर महेश रोहरा ने कहा कि निःस्वार्थ सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है और वह नगर निगम के माध्यम से इस वार्ड में दृष्टिगोचर हो रहा है। प्रकाश वाधवानी ने कहा कि जनहित में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना ही सच्चा कार्य है। कार्यक्रम को प्रकाश थारवानी ने भी संबोधित किया। पार्षद राजेंद्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया। मौके पर डॉ राहुल ठाकुर, शत्रुघन पांडे, कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा, देवा नडार, पिंटू यादव, कमलेश तिवारी, शब्बीर, प्रकाश पांडे, दिलीप वाधवानी, काशीराम सोनकर, गांधी राम साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### अरौद में श्रीमद् भागवत कथा 20 से शुरु होगी

**मगरलोड।** ग्राम अरौद में ग्रामीणों के सहयोग से 20 दिसंबर से श्रीमद्



संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक कृष्णा मिश्रा ग्राम चिल्हाटी जिला कवर्धा होंगे। कथा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तथा दोपहर 3 से 5 बजे शाम तक होगी। प्रथम दिवस 20 दिसंबर शुक्रवार को देवी पूजन, गौकर्ण कथा, 21 को वराह अवतार, 22 को कपिल अवतार, 23 को नृसिंह अवतार, 24 को वामन, श्रीराम, श्रीकृष्ण अवतार, 25 को बाललीला, छप्पन भोग, 26 को रूक्मणि विवाह, सुदामा चरित्र, 27 को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 28 को गीता पाठ, हवन, कपिला तर्पण, यज्ञ स्नान कर कथा का समापन होगा।

### 190 पशुओं को लंपी वायरस से बचाने लगाया टीका

**धमतरी।** सुशासन दिवस के अवसर पर पशु चिकित्सा केरेगांव के अधीनस्थ ग्राम बासीखाई में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर तथा टीकाकरण का आयोजन किया गया। शिविर में लंपी वायरस की रोकथाम के लिए ग्राम के सभी मवेशियों को टीका लगाया गया। मुर्गे- मुर्गियों को भी टीका लगाया गया। पशु उपचार 67, दवा वितरण 121, कृमिनाशक दवापान 123, किलनी दवा छिड़काव 190, लंपी वायरस टीकाकरण 190, आरबी टीकाकरण 12 दीकल सेंपल 50, ब्लड सेंपल 50 लिए गए। 90 पशु लाभान्वित हुए। इस शिविर में डॉ. रितु पशु चिकित्सक सहायक शल्यज्ञ पशु चिकित्सालय केरेगांव, डॉ. मनीष सरकार एमवीयू कुकरेल, सहायक मुदित साहू पैरावेट, जनक लाल पट्टी बंधक, भगवंत शेंडे परिचालक, खेमन लाल साहू पायलेट के साथ कृषि सखी पंच गिरधारी यादव, ग्राम पटेल तथा ग्रामवासियों का योगदान रहा।

### अच्छा मानसिक स्वास्थ्य जीवन को बेहतर बनाता है


**धमतरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी के छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण के साथ ही विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बताया कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। कार्यशाला में यूनिसेफ के मास्टर प्रशिक्षक ने किशोरों में होने वाले मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं एवं उपाय के बारे में विभिन्न खेल गतिविधियों जैसे सांप सीढ़ी का खेल, भावना चक्र, आत्म जागरूकता कहानी के जरिए समझाया।

अनुयायियों ने गद्दी आसन की पूजा कर प्रकृति के पांच फल फूल, मालपुआ अर्पित किए

# बाबा घासीदास जयंती पर जैतखाम में हुआ ध्वजारोहण, वार्डों में पंथी नृत्य की रही धूम












हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

सतनामी समाज के प्रवर्तक एवं महान संत गुरु घासीदास की जयंती पर सभी वार्डों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाबा के अनुयायियों ने दिनभर उपवास रखकर शाम को पूजा -अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य आकर्षण पंथी नृत्य था। दल ने गीत के माध्यम से बाबा के संदेश को बताया। उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। बाबा ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा, सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया था।

घासीदास जयंती पर बुधवार को शहर के नवागांव वार्ड, मकेश्वर वार्ड, साल्हेवारपारा, बठेना, वल्लभभाई वार्ड, महिमासागर वार्ड, जोधापुर, सोरिद, हटकेशर, शीतलापारा, सुभाषनगर, लालबगीचा वार्ड सहित अन्य वार्डों में कई कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर जैतखाम में विशेष पूजा की गई। बाबा के तैलचित्र पर पूजा -अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया गया। इस आयोजन में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोग अपनी आस्था के अनुरूप घरों में भी जयंती मनाई। जैतखाम में ध्वजारोहण हुआ। जगह-जगह भजन, सतनाम, प्रवचन, गुरु बाबा के जीवन पर आधारित लीला, नाटिका का मंचन हुआ। बाबा के पूजास्थल पर सफेद ध्वजा चढ़ाया गया। गद्दी आसन की पूजा -अर्चना कर प्रकृति के पांच फल फूल, मालपुआ अर्पित किया गया। इसके बाद आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष कपिल देशलहरा, आरपी संभाकर, डा.सुरेंद्र कुर्रे, रमेश लहरे, भूषण जांगड़े, विनोद डिंडोलकर, लोकेश, डायमंडकुमार, आकाशकुमार, दीपांशु छिंदोरा, भूषणकुमार, अजय डहरिया, धनेश नवरंग, भूषण जोशी, तामेश बंजारे, ताकेश बघेल, रविंद्र बांधे, नवीन मारकंडे, योगेश डहरिया, लोकेश गायकवाड़, देव कुर्रे, आकाश बंजारे, राहुल गायकवाड़, मुकेश बघेल, भूपेंद्र भारती, मणिकांत जोशी, लोकेश लहरे, मनीष टंडन, गोपी कुर्रे, डायमंड डिंडोलकर, राजेंद्र भारती, रूपेश बघेल, चंदू बंजारे, ठाकुरराम बंजारे, विजय संभाकर, लुकेंद्रकुमार, कुशल डिंडोलकर, टिकेश्वर, किसन डिंडोलकर, राजा जोशी, देवेंद्र रात्रे, कुलदीप बंजारे, सत्यजीत पाटले, अंशकुमार, चंद्रप्रकाश पाटले, अमन सोनवानी, विल्सन जोशी, मनमोहन गायकवाड़, अभिषेक सोनवानी, अनिल बंजारे, साहेबराम, रामेश्वर, लोकेश बंजारे, आशीष लहरे, कैलाश बघेल सहित शहर के सभी समाजजन बाबा की जयंती मनाने में जुटे रहे।

# कलश में तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का वास होता है : परमानंद







- गोकुलपुर इकाई में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिवस निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

गोकुलपुर इकाई में आयोजित पांच दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 500 से अधिक कलशधारी महिलाएं शामिल हुईं। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल गायत्री पब्लिक स्कूल रुद्री रोड गोकुलपुर से प्रारंभ होकर गांधी आश्रम, शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना कर लक्ष्मी निवास, कर्मा चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। कथा वाचक परमानंद महाराज ने कलश की विधिवत पूजा- अर्चना कर देव स्थापना कराई। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कलश धारण करना महिलाओं के लिए सौभाग्य की बात होती है। कलश में तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। उनकी कृपा एवं आशीर्वाद प्राप्त होता है। मौके पर जिला समन्वयक दिलीप नाग, प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण, सहायक प्रबंध ट्रस्टी चेतन साहू, राजकुमार साहू, डॉ अनिल गजपाल, माखनलाल साहू, शेखन साहू, डॉ रामचंद्र मेश्राम, सुभाषिनी साहू, गीता साहू, अनुसुइया सिन्हा, बसंता निर्मलकर, यशोदा साहू, प्रमिला साहू,, लक्ष्मी साहू, नमिता देवांगन, पद्मिनी साहू, हेमलता सिन्हा, डॉ राधिका साहू, डॉ जुगेश्वर साहू, मैकुराम निषाद, राधिका, संतोष साहू, सविता साहू सहित श्रद्धालु मौजूद थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया प्रहार दिवस

- 1971 की जंग में पाकिस्तान पर भारत की जीत के योद्धाओं को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी





सन 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच यादगार जंग हुई थी। यह जंग भारत पर पाकिस्तान ने थोपी थी। भारतीय वीर योद्धाओं ने अपनी वीरता का परिचय देते हुए 16 दिसंबर 1971 को 93,000 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को सामूहिक रूप से आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर यह जंग जीती थी। इस जंग में भारत के 3000 जवान शहीद हुए थे वहीं 12,000 वीर सैनिक घायल हुए थे। आज भारत इन्हीं वीर योद्धाओं की याद में श्रद्धांजलि स्वरूप इस दिवस को विजय दिवस के रूप में मनाता है। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उन वीर योद्धाओं की वीरता को नमन करने प्रहार दिवस के रूप में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। इसी कड़ी में 16 दिसंबर शनिवार को धमतरी नगर की विभिन्न शाखाओं में स्वयंसेवकों ने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए प्रहार दिवस पर एक घंटे की शाखा में हजारों प्रहार मारकर अपने शहीद जवानों को वीर श्रद्धांजलि दी। प्रहार दिवस पर सुबह पौने 6 बजे कड़कड़ाती ठंड में आरएसएस के स्वयंसेवक नगर की विभिन्न शाखाओं में संपत्त हुए। भगवा ध्वज लगाने के बाद सुबह 6 से 7 बजे तक लगातार स्वयंसेवकों ने दण्ड प्रहार का गिनती के साथ अभ्यास किया। तत्पश्चात सभी ने अपनी-अपनी शाखा के मुख्य शिक्षक और शाखा कार्यवाह को आंकड़े नोट करवाए। शिवाजी प्रभात शाखा नूतन स्कूल में 3500 प्रहार, जगत जननी रिसाई माता शिशु मंदिर आमातालाब रोड में 8176, मां विंध्यवासिनी प्रभात शाखा एकलव्य खेल मैदान में 7562, भामाशाह शाखा साहू सदन में 11823 और श्रीराम प्रभात शाखा सोरिद के स्वयंसेवकों ने 16226 प्रहार, शिव शक्ति शाखा जालमपुर में 25000 प्रहार व अन्य शाखा में प्रहार मारकर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इस तरह पूरे धमतरी नगर में 70706 प्रहार मारे गए। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिस्ट ने दी है।

### साल्हेभाट में मड़ई 22 को

**धमतरी।** ग्राम साल्हेभाट-छुही में ग्रामीणों की मदद से 22 दिसंबर रविवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोखा गुरूर का नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख टीकमदास मानिकपुरी, दीनदयाल, चिंताराम निषाद, रेवाराम ध्रुव ने दी है।

# कृषि विभाग ने जिले के 711 किसानों का किया सम्मान

- शिविर में 91 श्रमिकों का किया गया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



कृषि विभाग द्वारा बीते 9 दिसम्बर से अब तक जिले के 53 गांवों में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को विभागीय कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई। 711 किसानों का सम्मान किया गया। इनमें उत्कृष्ट कृषक 251 और कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित किसान 447 हैं। इसी तरह सहकारिता विभाग द्वारा भी धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों का सम्मान किया गया। श्रम विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सिवनीकला, नगर पंचायत आमदी में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित शिविर में 91 श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण आवेदन किए गए। शिविर में योजना आवेदन भी किए गए तथा असंगठित और भवन सन्निर्माण कर्मकार मंडल की योजनाओं की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### साय के सुशासन में किसानों, महिलाओं का बढ़ा सम्मान : हरख





**अंवरी।** राज्य शासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के अवसर पर कोलियारी एवं भखारा सोसाइटी धान खरीदी केंद्र में किसानों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर हरख जैन ने कहा कि भाजपा शासित विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सपने पूरे हुए। जो संकल्प लिए गए थे, वे शासन के एक वर्ष में ही पूर्ण हो गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में किसानों, महिलाओं, गरीब एवं पिछड़ा वर्ग का सम्मान बढ़ा है। शासकीय योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी ने कृषि से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। संचालन व आभार व्यक्त समिति प्रबंधक तरुण साहू एवं राम साहू ने किया। प्रशस्ति पत्र देकर किसानों का सम्मान किया गया। मौके पर बिसौहाराम, गोपालन साहू, कुमेश साहू, वासुदेव साहू, छविलाल सिन्हा, नेमचंद, शांति स्वरुप, पद्मन साहू, मिलउ राम, मनहरण सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

- कोलियारी एवं भखारा सोसाइटी में किसानों का सम्मान किया गया

### मानस व्याख्यान प्रशिक्षण शिविर 21 से



**धमतरी।** साहू सदन रुद्री रोड में दो दिवसीय आवासीय मानस व्याख्यान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 दिसंबर से किया गया है। श्री राज मानस संघ धमतरी के अध्यक्ष अर्जुन पुरी गोस्वामी एवं प्रवक्ता डॉ भूषणलाल चंद्राकर ने बताया कि आयोजन के लिए दो सौ से अधिक प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन सचिव डॉ जेएल देवांगन, कोषाध्यक्ष दानीराम साहू एवं प्रचार मंत्री चिरंजीव लाल हिरवानी के पास हो चुका है। प्रशिक्षक अर्जुनपुरी गोस्वामी, पुरानिक राम साहू, योगेश्वर साहू, महेन्द्र साहू, प्रेमलाल साहू, डॉ लोकेश साहू होंगे। आगे बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य मानस के व्याख्याकारों को मानस प्रसंगों के आध्यात्मिक, सामाजिक पारिवारिक संदेश एवं सनातन संस्कृति एवं संस्कार को मंचीय पटल पर रखते हुए तुलसी के संदेश को जन- जन तक पहुंचाना है। विशेष सहयोग नरेन्द्र साहू, श्यामा साहू, सम्पत देवांगन द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में संरक्षक सियाराम साहू, खूबलाल साहू, कोदूराम चंद्राकर, खिलेश्वरी किरण, डोमार सिंह दादरा, शिवदयाल साहू के साथ राघवेंद्र सरकार मानस परिषद मगरलोड तहसील, राज मानस संघ गुरुर एवं मानस शक्ति केंद्र के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र दिया जायेगा।

- दो सौ से अधिक प्रशिक्षणार्थियों का हुआ पंजीयन

### सरईटोला में गढ़िया महोत्सव की रही धूम



**नगरी।** तीन दिवसीय गढ़िया महोत्सव गुड़रापारा सरईटोला रै. में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय थीं। मांदरी दल जय गढ़िया बाबा आदिवासी लोक नृत्य सेवा समिति गुड़रापारा एवं डांग डोली के साथ उनका स्वागत किया गया। युवक -युवतियों ने बस्तर नृत्य किया। गढ़िया महोत्सव में आसपास के ग्रामीण शामिल हुए। छोटे-छोटे बच्चों ने झूले का आनंद लिया। छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से मांदरी दल पहुंचा था। रात्रि में महतारी के आंसू ग्राम संसारगढ़ हरेखापायली जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का कार्यक्रम हुआ।

### ज्ञानधारा पंथी नृत्य दल का हुआ चयन

**धमतरी।** गुरु घासीदास लोककला महोत्सव के तहत स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के 4 पंथी नर्तक दल कका भतीजा मंगल भजन एवं चौकी पार्टी ग्राम बंजारी, जय सतनाम पंथी नर्तक दल लोहारपथरा, सत्य के दीप जलाबो पंथी पार्टी खपरी, ज्ञानधारा पंथी नृत्य दल मोतिमपुर ने प्रस्तुति दी । प्रथम स्थान ज्ञानधारा पंथी नृत्य दल मोतिमपुर का चयन राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए किया गया। यह दल 19 दिसम्बर को ग्रान गवागढ़ जिला बेमेतरा में शामिल होगा।

- 19 दिसम्बर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेगा

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरुषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (निःशुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511